विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित श्री रविशंकर सिंह पप्पू भैया, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–09 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 09(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद–लखनऊ के हंसखेड़ा के मुन्नुखेड़ा में मुद्रित के मकान से राजेश सिंह के मकान तक की दूरी पर स्थित मार्ग जो लगभग 150 मीटर है, अत्यन्त जर्जर अवस्था में है? | प्रश्नगत स्थल जिस कॉलोनी में स्थित है, वह कॉलोनी प्राइवेट सोसाइटी/कॉलोनाईजर द्वारा अनधिकृत रूप से बसायी गयी है, जिसका तलपट मानचित्र लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नहीं है। ऐसी कॉलोनियों के विकास का प्रथम दायित्व संबंधित सोसाइटी/कॉलोनाईजर का होता है, फिर भी व्यापक जनहित के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा अपने सीमित संसाधनों से प्राथमिकता निर्धारित करते हुये समय–समय पर विकास कार्य कराये जाते है।<br>प्रश्नगत कार्य का कराया जाना धन की उपलब्धता तथा स्थानीय निकाय के निर्णय पर निर्भर है। |
| (ख) यदि हाँ, तो आवागमन में हो रही विषम कठिनाइयों के दृष्टिगत उक्त जर्जर मार्ग का डामरीकरण करायेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार। |

(ए.के. शर्मा)
मंत्री,
नगर विकास विभाग।

Ques & Note 2024

Scanned with CamScanner